18th
July 2025

vedanta
transforming for good
balco

# BALCO TODAY

SIGHTS, INSIGHTS & HEIGHTS

## LEADERSHIP CONNECT

Strengthening Bonds with the Shopfloor Employees and Business Partners



# CHAIRMAN CORNER

**Anil Agarwal**
@AnilAgarwal_Ved

Translate post

मैंने एक बार किसी मेसेज के जवाब में 👍 भेजा — मुझे लगा, यह एनकरेजिंग लगेगा।

बाद में मेरी टीम के एक यंग मेम्बर ने बताया कि आज की जनरेशन इस इमोजी से ज़रा बचती है, क्योंकि ये उन्हें ठंडी-सी लगती है।

तब मुझे अहसास हुआ कि आज की पीढ़ी का संवाद करने का तरीक़ा ज़रा अलग है।


अब हम सिर्फ अलग भाषा में ही नहीं, एक अलग नज़रिए से भी बात करते हैं।

मैं कई यंग लोगों के साथ काम करता हूँ, और अगर मुझे उनके आइडियाज़ से जुड़ा रहना है, तो पहले मुझे यह समझना होगा कि वे लोग ख़ुद को किस तरह एक्सप्रेस करते हैं।

लेटर्स हों या चैट, लैंडलाइन हो या डीएम — डायलॉग का मक़सद हमेशा एक ही रहता है - जुड़ना ... समझा जाना, और सामने वाले को यह अहसास दिलाना कि आप और हम सेम फ्रीक्वेंसी पे हैं।

अगर हम समय के साथ अपनी लैंग्वेज और स्टाइल नहीं बदलते, तो धीरे-धीरे हम सुनना भी बंद कर देते हैं।

ज़रूरी नहीं कि हम Gen Z जैसा बोलें। मगर उन्हें सुनना बहुत ज़रूरी है।



## MR. ANIL AGARWAL

**Chairman, Vedanta Group**

BALCO hosted an interactive Leadership Connect session with over 150 employees and business partners. The session facilitated a meaningful exchange of ideas and served as a platform for open dialogue, encouraging honest feedback. The leadership also addressed key concerns, shared the way forward, and reinforced the importance of transparency and collaboration.


























vedanta
BALCO




वर्कमैन -3
वर्कमैन -6








# Safety PRECAUTIONS During Rain



**Do not touch electric switches with wet hands**



**Do not go near electric poles and power lines**



**Ensure outdoor electrical wiring is properly insulated**



**Keep away from trees, poles & broken wires**



**Do not touch wires placed illegally on electric poles**



**Do not tie animals to iron or electric poles**

एक बिंदु-सुरक्षा पाठ
One Point Safety Lesson


# SAFETY CORNER

## Caution! While using Mobile

## सावधान! मोबाइल इस्तेमाल करते समय

### DO NOT USE YOUR DEVICE

WHILE CHARGING



**Correct**

Avoid overcharging
ercharging the battery. When the battery is fully charged, remove it from the charger.

**सही**

बैटरी की अत्यधिक चार्ज करने से बचें।
जय बैटरी पूरी तरह से चार्ज हो जाए, तो उसे चार्जर से हटा दें।

**गलत**

मोबाइल फोन को चार्ज करते समय उसका उपयोग

**आयोजन** • अब अगले 20 दिन रोजाना 2 घंटे की अवधि भी तय, लगभग 150 से अधिक युवा और प्रशिक्षकों ने भाग लिया

# बालको के वेदांता स्कूल में एआई स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू

भास्कर न्यूज | बालकोनगर

बालको कंपनी ने वेदांता स्कूल में एआई स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम को शुरू किया है। इस तरह युवाओं के स्किल्स डेवलपमेंट में नवाचार को बढ़ावा दिया है। अब एआई स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए अगले 20 दिन रोज के 2 घंटे की अवधि भी तय की है। एआई और डिजिटल स्किल्स के माध्यम से युवा सशक्तिकरण थीम पर केंद्रित आयोजन में लगभग 150 से अधिक युवा और प्रशिक्षकों ने भाग लिया। स्किल स्कूल के पूर्व छात्र और कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा किए। युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया।

20 घंटे अनिवार्य प्रशिक्षण मॉडल को तीन भाग सेंटर-बेस्ड ट्रेनिंग, वर्तमान प्रशिक्षुओं के लिए इंटीग्रेटेड ट्रेनिंग और वर्कप्लेस आधारित ऑनसाइट ट्रेनिंग में



कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों के साथ ही पूर्व छात्र व बालको कंपनी के कर्मचारी।

क्रियान्वयन किया है। सभी प्रशिक्षण सत्र एशियन वेंचर फिलैन्थ्रपी नेटवर्क (एवीएनपी) के एएनयूडीआईपी, एलएमएस सिस्टम से मॉनिटर किए जाएंगे। प्रशिक्षकों को ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम से प्रमाणित किया है। प्रशिक्षुओं का चयन एंट्री गेट असेसमेंट से किया जा रहा है। यह ट्रेनिंग युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की व्यवहारिक समझ देने और उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त बनाएगा। प्रशिक्षण के जरिए युवाओं को एआई से जुड़ी नई तकनीकों की जानकारी देंगे। साथ ही व्यवहारिक समझ देने और उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त बनाएंगे। कार्यक्रम में वेदांता स्किल्स स्कूल के पूर्व छात्रों व कर्मचारियों ने अनुभव साझा किए। बालको के मुख्य कॉर्पोरेट अफेयर्स और प्रशासन अधिकारी कैप्टन धनंजय मिश्रा व जिला रोजगार अधिकारी कोरबा के प्रतिनिधि, स्थानीय हितधारक और प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

### अब तक 13 हजार युवाओं को किया प्रशिक्षित

वेदांता स्किल्स स्कूल ने अपने स्थापना के बाद से अब तक 13 हजार युवाओं को प्रशिक्षित किया है, जिन्हें देशभर के 22 राज्यों में 45 कंपनियों में रोजगार मिला है। इस साल मोबाइल रिपेयरिंग ट्रेड की शुरुआत के साथ प्रशिक्षण ट्रेड्स की कुल संख्या बढ़कर 7 हो गई है। बालको निरंतर कौशल, नवाचार और समावेशन से एक फ्यूचर-रेडी जनरेशन तैयार करने के अपने संकल्प को दोहराया है।

### कौशलों से सशक्त करना समय की मांग: सीईओ

बालको कंपनी के सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि युवाओं को अत्याधुनिक कौशलों से सशक्त करना समय की मांग है, क्योंकि अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीकों का युग है। वेदांता स्किल्स स्कूल के माध्यम से युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बना रहे हैं। साथ ही आत्मनिर्भर बनाकर भविष्य के लिए तैयार भी कर रहे हैं।

# बालको के वेदांता स्किल स्कूल में एआई स्किल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**भिलाई बाजार @पत्रिका.** बालको ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर वेदांता स्किल्स स्कूल में एवीएनपी एआई स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया। कंपनी ने नवाचार को बढ़ावा देते हुए साप्ताहिक कार्यक्रम को आयोजन किया, जो एआई और डिजिटल स्किल्स के माध्यम से युवा सशक्तिकरण' थीम पर केंद्रित था। आयोजन में लगभग 150 से अधिक युवा एवं प्रशिक्षकों ने भाग लिया। स्किल स्कूल के पूर्व छात्र एवं कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा कर युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया।

एआई स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम 20 दिवसीय तथा प्रतिदिन दो घंटे की अवधि में प्रदान किया जाएगा। 20 घंटे अनिवार्य प्रशिक्षण मॉडल को तीन भाग, सेंटर-बेस्ड ट्रेनिंग, वर्तमान प्रशिक्षुओं के लिए इंटीग्रेटेड ट्रेनिंग और वर्कप्लेस आधारित ऑन-साइट ट्रेनिंग में क्रियान्वयन किया गया है। सभी प्रशिक्षण सत्र एशियन वेंचर फिलैन्थ्रपी नेटवर्क (एवीएनपी) के एएनयूडीआईपी, एलएमएस सिस्टम द्वारा मॉनिटर किए जाएंगे और प्रशिक्षकों को ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमाणित किया गया है। प्रशिक्षुओं का चयन एंट्री गेट असेसमेंट के माध्यम से किया जा रहा है। कार्यक्रम युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की व्यावहारिक समझ देने और उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण के माध्यम से न केवल युवाओं को एआई से जुड़ी नई तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। बल्कि व्यावहारिक समझ देने और उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त बनाया जाएगा। इस अवसर पर बालको के मुख्य कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं प्रशासन अधिकारी कैप्टन धनंजय मिश्रा एवं जिला रोजगार अधिकारी कोरबा के प्रतिनिधि, स्थानीय हितधारक और प्रशिक्षु उपस्थित रहे।बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि वर्तमान युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीकों का युग है। युवाओं को इन अत्याधुनिक कौशलों से सशक्त करना समय की मांग है। वेदांता स्किल्स स्कूल के माध्यम से न केवल युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बना रहे हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार भी कर रहे हैं। प्रबंधन का लक्ष्य है एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण, जो नवाचार, नैतिकता और डिजिटल समझ के साथ आगे बढ़े।

दैनिक भास्कर
पत्रिका

# वेदांता की क्रेडिट रेटिंग्स की क्रिसाइल और आईसीआरए ने की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश की अग्रणी क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों, क्रिसाइल रेटिंग्स और आईसीआरए ने कंपनी की क्रेडिंग रेटिंग्स की पुष्टि की है, जो वेदांता के कारोबार की स्थिरता, अच्छे फाइनैंशियल परफोर्मेन्स तथा कॉर्पोरेट प्रशासन के अनुपालन को दर्शाता है। क्रिसाइल रिपोर्ट में कहा गया है कि मैनेजमेन्ट एवं चुनिंदा ऋणदाताओं से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर रेटिंग एजेंसी समझती है कि वर्तमान में किसी भी ऋणदाता या निवेशक से विपरीत प्रतिक्रिया नहीं मिली है। रेटिंग एजेंसी ने हिंदुस्तान जकि लिमिटेड के लिए क्रिसाइल एएए और वेदांता के लिए क्रिसाइल एए की दीर्घकालिक रेटिंग्स की पुष्टि की है।

आईसीआरए ने वेदांता लिमिटेड के लिए दीर्घकालिक एए रेटिंग की पुष्टि की है। एजेन्सियों का यह दावा शॉर्ट



सेलर वाइसरॉय के आरोपों का खंडन है, जिसने वेदांता लिमिटेड की मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज पर संरचनात्मक अधीनता एवं ऋण चुकाने के लिए लाभांश पर निर्भरता का आरोप लगाया था। क्रिसाइल की रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि वेदांता लिमिटेड और हिंदुस्तान जकि लिमिटेड दोनों के शेयर मूल्यों में रिपोर्ट के प्रकाश के बाद सुधार आ चुका है। क्रिसाइल रेटिंग्स ने 9 जुलाई को वेदांता ग्रुप पर प्रकाशित शॉर्ट-सेलर रिपोर्ट और उसके बाद वेदांता लिमिटेड एवं हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के शेयर मूल्यों में इंटराडे अस्थिरता पर ध्यान दिया है। इसकी प्रतिक्रिया में वेदांता लिमिटेड ने 9 जुलाई को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सभी आरोपों को खारिज किया। क्रिसाइल ने कहा कि रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद वेदांता लिमिटेड और हिंदुस्तान जकि लिमिटेड के शेयर मूल्यों में सुधार हुआ है। क्रिसाइल ने हिंदुस्तान जकि, ईएसएल स्टील लिमिटेड, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और सेसा रिसोर्सेज लिमिटेड सहित वेदांता ग्रुप की 11 कंपनियों की रेटिंग बकाया रखी है तथा सभी के लिए रेटिंग की पुष्टि कर दी है। क्रिसाइल सभी बकाया रेटिंग्स पर लगातार नजर बनाए हुए है। वेदांता और इसकी सब्सिडरियों को उनके भारतीय परिचालन के मजबूत प्रोफाइल एवं मजबूत वित्तीय प्रदर्शन का समर्थन मिल रहा है। इसी तरह आईसीआरए ने समूह की निरंतर ऋण कटौती की प्रतिबद्धता से राहत महसूस की है। वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) का ऋण सहित लेवरेज (शुद्ध ऋण ओपीबीडीआईटीए) वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 2.5 गुना हो गया, जो वित्त वर्ष 2024 में यह 3.2 गुना था। खासतौर पर एलुमिनियम और जिंक परिचालन में अच्छे मुनाफे के चलते से समूह के लेवरेज प्रोफ़ाइल को और अधिक समर्थन मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, आईसीआरए वेदांता लिमिटेड (वीडीएल) के समायोजित लेवरेज और कवरेज मेट्रिक्स की गणना करने के लिए वीआरएल के कुल ऋण और वित्तीय व्यय पर विचार कर रहा है। क्रेडिट रेटिंग पद्धति के अनुसार एएए रेटिंग का अर्थ है वित्तीय देयताओं के समय पर भुगतान के संदर्भ में सर्वोच्च सुरक्षा को सुनिश्चित करना। वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड के स्तर पर हाल ही में ऋण की रीफाइनैंसिंग ने लंबी अवधि के लिए मच्योरिटी प्रोफाइल को सुगम बनाया है और वित्तीय वर्ष 2026 में वित्तीय लागत में कमी आने की संभावना है।

# क्रिसाइल-आईसीआरए ने वेदांता की क्रेडिट रेटिंग्स की पुष्टि

## वेदांता लिमिटेड और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड दोनों के शेयर मूल्यों में रिपोर्ट के प्रकाश के बाद आया सुधार

भास्कर न्यूज | कोरबा

भारत की अग्रणी क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों, क्रिसाइल रेटिंग्स और आईसीआरए ने कंपनी की क्रेडिंग रेटिंग्स की पुष्टि की है, जो वेदांता के कारोबार की स्थिरता, अच्छे फाइनेंशियल परफॉर्मेंस और कॉर्पोरेट प्रशासन के अनुपालन को दर्शाता है। क्रिसाइल रिपोर्ट में कहा है कि मैनेजमेंट व चुनिंदा ऋणदाताओं से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर रेटिंग एजेंसी समझती है कि वर्तमान में किसी भी ऋणदाता या निवेशक से विपरीत प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

रेटिंग एजेंसी ने हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के लिए क्रिसाइल एएए और वेदांता के लिए क्रिसाइल एए की दीर्घकालिक रेटिंग्स की पुष्टि की है। आईसीआरए ने वेदांता लिमिटेड के लिए दीर्घकालिक एए रेटिंग की पुष्टि की है। एजेन्सियों का यह दावा शॉर्ट सेलर वाइसरॉय के आरोपों का खंडन है, जिसने वेदांता लिमिटेड की मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज पर संरचनात्मक अधीनता व ऋण चुकाने लाभांश पर निर्भरता का आरोप लगाया था। क्रिसाइल की रिपोर्ट में आगे कहा है कि वेदांता लिमिटेड और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड दोनों के शेयर मूल्यों में रिपोर्ट के प्रकाश के बाद सुधार आ चुका है। क्रिसाइल रेटिंग्स ने 9 जुलाई 2025 को वेदांता ग्रुप पर प्रकाशित शॉर्ट-सेलर रिपोर्ट और उसके बाद वेदांता लिमिटेड एवं हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के शेयर मूल्यों में इंटराडे अस्थिरता पर ध्यान दिया है। इसकी प्रतिक्रिया में वेदांता लिमिटेड ने 9 जुलाई 2025 को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सभी आरोपों को खारिज किया। क्रिसाइल ने कहा कि रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद वेदांता लिमिटेड और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के शेयर मूल्यों में सुधार हुआ है। नोट ने कहा कि क्रिसाइल ने हिंदुस्तान जिंक, ईएसएल स्टील लिमिटेड, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और सेसा रिसोर्सेज लिमिटेड सहित वेदांता ग्रुप की 11 कंपनियों की रेटिंग बरकरार रखी है और सभी के लिए रेटिंग की पुष्टि कर दी है। क्रिसाइल सभी बकाया रेटिंग्स पर लगातार नजर बनाए हुए है। वेदांता और इसकी सब्सिडियों को उनके भारतीय परिचालन के मजबूत प्रोफाइल व मजबूत वित्तीय प्रदर्शन का समर्थन मिल रहा है। नोट ने कहा कि इसी तरह आईसीआरए ने समूह की निरंतर ऋण कटौती की प्रतिबद्धता से राहत महसूस की है। वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) का ऋण सहित लेवरेज (शुद्ध ऋण/ओपीबीडीआईटीए) वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 2.5 गुना हो गया, जो वित्त वर्ष 2024 में यह 3.2 गुना था। खासतौर पर एल्युमिनियम और जिंक परिचालन में अच्छे मुनाफे के चलते से समूह के लेवरेज प्रोफ़ाइल को और अधिक समर्थन मिलने की उम्मीद है।

### क्रेडिट रेटिंग में एएए का अर्थ- सर्वोच्च सुरक्षा

क्रेडिट रेटिंग पद्धति के अनुसार एएए रेटिंग का अर्थ है वित्तीय देयताओं के समय पर भुगतान के संदर्भ में सर्वोच्च सुरक्षा को सुनिश्चित करना। उपकरणों में ऋण का जोखिम सबसे कम होता है। इसी तरह एए रेटिंग का अर्थ है वित्तीय देयताओं के समय पर भुगतान के संदर्भ में उच्च सुरक्षा को सुनिश्चित करना। इस तरह के उपकरणों में ऋण का जोखिम बहुत कम होता है।

हरिभूमि | दैनिक भास्कर

# MEDIA CORNER


12:00

**Bharat Aluminium Company Limited**

#Aluminium is strong, #smart, and #sustainable. Infinitely #recyclable and incredibly #versatile, it's a #metal made to shape the #future.

Vedanta Limited - Aluminium Business

#BALCO #Vedanta #TransformingForGood #MetalOfTheFuture #GreenMaterial




[Click here to check the post]

Like Comment Share

# Team BALCO Today

Conveys Heartiest Greetings To

| | | |
|---|---|---|
| **Saturday 19th July 2025** | Yogesh Dewangan | Pot Room |
| | Saurabh Pandey | Bake Oven |
| | Prashant Kumar Kaushik | Pot Room |
| | Shuchi Mishra | Corporate Communication |
| | Prashant Agrawal | Finance |
| | Raja Yadaw | Commissioning |
| **Sunday 20th July 2025** | Sanjay Kumar Agrawal | Logistics |
| | Sudama Ram Sahu | Pot Room |
| | Rajesh Kumar | Foundry |
| | Chitren Kumar Janardan | Pot Room |
| | Gajendra Kumar Verma | Medical |
| | Mamta Miri | Pot Room |
| | Jashwant Banjara | QA & Tech |
| | Sakshi Pathak | Bake Oven |
| **Monday 21st July 2025** | Yogendra Kumar Deshmukh | Pot Room |
| | Dhananjay Haldar | Pot Room |
| | Shashi Kant | Sheet Rolling Shop |
| | Ashish Shukla | Pot Room |

HAPPY *Birthday* TO YOU!


# Idea Theme for July'25

**Asset Care & Equipment Reliability Improvement**


















## R & R CATEGORY

1. Best Idea of the month
2. Max. Idea Generator
3. Quick 5 Ideas

**Share your ideas through Idea@Balco Mobile App/Portal**

**https://idea.balco.in:8047/dr/login**

**Use tag word #Asset# before mentioning ideas**

**Download App from play store**

# BALCO CENTRALIZED

## Security Operation Center



### INCIDENT
Theft, Threat, Vandalism, Fraud
Malpractice, Wild Animal Attack

### ISSUES
Traffic Jam, Card Not Working
Lack of Support at Entry Gates

### VIOLATIONS
Unsafe Act, Unsafe Conditions
Traffic

### SUSPICIOUS MOVEMENT
Person Behaving/Acting in
Suspicious Manner

### YOUR ABSENCE AT HOME
Away on Holidays for Few
Days

We Are Manned 24x7 & Available At:

**9179083488, 7759252655**

**BALCO.SOC@Vedanta.co.in**

Sec_rity is incomplete Without "U"

# DO SHARE YOUR
interesting pieces with us like

- Poem
- Sketch
- Drawing
- Art content
- Own Articles
- Photograph with good captions
- Success / Inspirational stories
- Travel Story
- Balco Plant Events
- Achievements etc.

We will try to capture them in
## BALCO TODAY

### YOU CAN REACH OUT TO US -


Shivani Pachori
8830960726

Jhalak Shastri
747 701 3030


GET IN TOUCH



BALCO TODAY
SIGHTS, INSIGHTS & HEIGHTS